# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 21-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन्स में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी।**

**◆पुलिस लाइन परिसर व शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।**

**आज दिनांक 21-11-2025 को डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थगर द्वारा पुलिस लाइन के परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई एवं शस्त्र प्रशिक्षण कराया गया तथा पुलिस लाइन परिसर की बेहतर साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा विभिन्न शाखाओं क्वार्टर गार्द, मेस, बैरक, स्टोर, परिवहन शाखा और सभागार आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। परेड के दौरान विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन, भूतनाथ गुप्ता प्रतिसार निरीक्षक सहित लाइन्स के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष सिद्धार्थनगर में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की मौजूदगी में साइबर अपराध से सम्बन्धित संचालित विभिन्न पोर्टल NCRP पोर्टल, प्रतिबिम्ब पोर्टल, सहयोग पोर्टल, समन्वय पोर्टल, एनआईसी मेल तथा CYBER SAFE पोर्टल आदि के सम्बन्ध में जनपद में नियुक्त पुलिसकर्मियों हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन।**

**आज दिनांक 21.11.2025 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर श्री मुथा अशोक जैन के आदेश के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ अभिषेक महाजन के मौजूदगी में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में साइबर अपराध से सम्बन्धित संचालित विभिन्न पोर्टल के सम्बन्ध में जनपद में नियुक्त पुलिसकर्मियों हेतु 03 दिवस के कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में आज दिनांक 21.11.2025 को साइबर कमांडो उ0नि0 श्री उपेन्द्र कुमार सिंह गोरखपुर जोन, गोरखपुर के द्वारा पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध से सम्बन्धित विभिन्न पोर्टल NCRP पोर्टल, प्रतिबिम्ब पोर्टल, सहयोग पोर्टल, समन्वय पोर्टल, एनआईसी मेल तथा CYBER SAFE पोर्टल के बारे की जानकारी दी गयी तथा हैकिंग, पहचान की चोरी, आनलाईन धोखाधड़ी और अन्य प्रकार के साइबर-संबंधी अपराध की घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त कार्याशाला में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना श्री पंकज कुमार सिंह जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क के अधिकारी / कर्मचारीगण व थानों के साइबर अपराध से सम्बन्धित विवेचनाओं के विवेचकगण, कम्प्यूटर आपरेटर, सर्बिलांस सेल, क्राइम ब्रान्च तथा जनपद के थानो/शाखाओं में नियुक्त अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण को प्रशिक्षण दिया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 21-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के आरोपी को 01वर्ष की साधारण कारावास व ₹4,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 20.11.2025 को वाद सं0-298/2025 मु0अ0सं0-72/2018 धारा-147,148,149,325,323,427,504,506 भा0द0वि0 थाना इटवा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश मोहम्मद रफी अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विजय कुमार उर्फ पुत्तन पाण्डेय निवासी कपिया लोहटी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 323, 427, 504, 506 भादवि में 01 वर्ष की साधारण कारावास व ₹4,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट दिनांक 21-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना शोहरतगढ़ पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के आरोपी किशोर अपचारी को बाल संप्रेक्षण गृह मे बिताई गयी अवधि व ₹2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 21.11.2025 को वाद सं0-30/2008 मु0अ0सं0-246/2004 धारा-304,34 भा0द0वि0 थाना शोहरतगढ़ में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश स्वाती आनंद न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित किशोर अपचारी को बाल संप्रेक्षण गृह मे बिताई गयी अवधि व ₹2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी पन्नेलाल गुप्ता थाना शोहरतगढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट दिनांक 21.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी ग्राम रेकहट की बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ तथा थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत आज दिनाँक 21.11.2025 को स्वतंत्रता सेनानी ग्राम रेकहट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता व नये कानून के बारे में बताया गया एवं सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया तथा बालिकाओं, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध व बच बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे यातायात माह से सम्बंधित कानून एवं नए कानून कीं जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, 102, 181, 101 के बारे में जानकारी दी गयी।**

**थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम का विवरण----**
**01. उ0नि0 कुंज बिहारी तिवारी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.आरक्षी पंचम यादव थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.महिला आऱक्षी श्रद्धा त्रिपाठी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राम नरेश चौधरी एजुकेशनल एकेडमी नचनी की बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर, साइबर क्राइम आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में सुजीत कुमार राय, क्षेत्राधिकारी बांसी तथा प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत आज दिनाँक 21.11.2025 को राम नरेश चौधरी एजुकेशनल एकेडमी नचनी मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता व नये कानून के बारे में बताया गया एवं सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया तथा बालिकाओं, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध व बच बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे यातायात माह से सम्बंधित कानून एवं नए कानून कीं जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, 102, 181, 101 के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमें विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिका मौजूद थे।**

**थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम का विवरण**
**01.उ0नि0 अयोध्या यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.हे0का0जितेन्द्र गौतम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.महिला मुख्य आरक्षी नीलम शुक्ला थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.आऱक्षी बृजेश यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल विद्यालय ग्राम गोपालपुर की बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर, साइबर क्राइम, नये कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे हेड कांस्टेबल विनोद भारती, रोमी तिवारी मिशन शक्ति टीम द्वारा कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल विद्यालय ग्राम गोपालपुर सिद्धार्थनगर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर में बलिकाओ को एकत्रित कर जागरूक किया गया व साइबर क्राइम से सम्बंधित जानकारी दी गयी। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी**

**प्रेस नोट- दिनांक 21/11/2025 जनपद सिद्धार्थ नगर**

**◆मिशन शक्ति केंद्र थाना कपिलवस्तु टीम द्वारा ग्राम भटौली में मिशन शक्ति जागरुकता अभियान, साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ को महिला सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया।**

**ड़ॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं साईबर जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21/11/2025 को प्रभारी थानाध्यक्ष सदरूल आलमीन थाना कपिलवस्तु मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं को ग्राम भटौली थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।**

**मिशन शक्ति व साईबर जागरूकता टीम**
**01- उ०नि० सदरुल आलमीन थाना प्रभारी कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02-का0 रमाकांत यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03-म०आ० सुषमा देवी थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट- दिनांकः- 21.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोपी 02 अभियुक्गतण को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष मिश्रौलिया बृजेश सिंह मय टीम द्वारा आज दिनांक 21.11.2025 को मु0अ0सं0 159/2025 धारा 80(2),85 BNS व 3/4 डीपीएक्ट से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगण को 24 घण्टे के अन्दर धनगढवा मोड़ से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।**

**वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरणः-**
**01. अमित पुत्र रामपाल निवासी मिठौवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02. अमरावती पत्नी रामपाल निवासी मिठौवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**
**01. बृजेश सिंह थानाध्यक्ष मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02. उ0नि0 गोरखनाथ थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03. का0 अवधेश कुमार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04. म0का0 अनुराधा गुप्ता थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 21-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के प्रयास के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹24,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 21.11.2025 को वाद सं0-78/2018 मु0अ0सं0-66/2018 धारा-147,148,149,323,504,506,427,307 भा0द0वि0 थाना इटवा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश मोहम्मद रफी अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त बकरीदी पुत्र जुम्मन निवासी महादेव घुरहू थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 307,323,504,506,427 भादवि में 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹24,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना खेसरहा का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा आज दिनांक 21.11.2025 को अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा की उपस्थिति मे थाना खेसरहा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना परिसर की साफ सफाई, भोजनालय व बैरक की साफ सफाई का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यालय के रजिस्टर फ्लाई शीट, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस, आर्डर बुक न्यायालय, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, अनुसूचित जाति/जनजाति रजिस्टर, आर्डर बुक पुलिस, रजिस्टर नं0 8 , गैंग रजिस्टर, गुमशुदगी रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, गार्द फाईल व अन्य रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 से सम्बन्धित रजिस्टर व कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।**

**प्रेस नोट- दिनांक 21.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप / स्टीकर लगाया गया एवं अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही ***

**आज दिनांक 21.11.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात में टीम द्वारा यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा,कस्बा बाँसी, बाँसी रोडवेज आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरण किया गया एवं कुहरो मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ़लेक्टर टेप लगाया गया साथ ही विशेष अभियान के तहत दुर्घटना से बचाव हेतु कस्बा बाँसी मे अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ रतनसेन इंटर कालेज बच्चों को जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरित किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना थी उनका M. V. Act, के तहत चालान करते हुए कुल 242करते हुये 261500/- रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।**

**प्रेस नोट दिनांक 21-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर बार्डर पर थाना लोटन पुलिस के साथ पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहनो की चेकिंग किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 21.11.2025 को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर थाना लोटन पुलिस के साथ पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहनो की चेकिंग किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 21-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आपरेशन कवच के तहत सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के खुनुवां बार्डर पर एसएसबी व थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहनो की चेकिंग किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 21.11.2025 को मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आपरेशन कवच के तहत सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के खुनुवां बार्डर पर एसएसबी व थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहनो की चेकिंग किया गया तथा सुरक्षा के दृष्टिगत आपसी सहयोग व समन्वय हेतु एसएसबी के साथ वार्ता की गयी।**